(ख) यदि हां, तो उन पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री शान्ति भूषण) : (क) हां, श्रीमान् जी। ये कम्पनी अधिनियम, 1956 व एकाधिकार एवं निबंधनकारी व्यापार प्रथा अधिनियम, 1969 की परीक्षा करने के लिये, सरकार द्वारा नियुक्त की गई विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रेषित प्रश्नावलियों के प्रत्युत्तर में भेजे गये हैं।

(ख) अनेक वाणिज्य मंडलों, संस्थाओं तथा अन्य निकायों से प्राप्त सुझावों तथा टिप्पणियों सहित इन पर विशेषज्ञ समिति द्वारा विचार किया जा रहा है, जो 1978 के मध्य तक सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इस दृष्टि से, भारतीय वाणिज्य मंडल, कलकत्ता के सुझावों पर, सरकार द्वारा विचार करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता।

तोड़-फोड़ की कार्यवाही के कारण हुई रेल दुर्घटनायें

***7. श्री रीत लाल प्रसाद वर्मा :**
श्री एम० रामगोपाल रेड्डी :

क्या रेल मंत्री निम्न जानकारी देने वाला एक विवरण सभा-पटल पर रखने की कृपा करेंगे कि :

(क) मार्च, 1977 से अब तक तोड़-फोड़ की कार्यवाही के कारण अथवा अन्यथा जोनवार कितनी रेल दुर्घटनायें हुयीं ;

(ख) तोड़-फोड़ की कार्यवाही से सम्बद्ध कितने व्यक्ति पकड़े गये और कितने मामलों में जांच चल रही है ;

(ग) दुर्घटनाओं से सम्बद्ध दोषी रेल-कर्मचारियों के विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की गई है ; और

(घ) दुर्घटनाओं को रोकने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) मार्च, 1977 से जनवरी, 1978 तक की अवधि में भारत की सरकारी रेलों पर टक्कर होने, पटरी से उतर जाने, सम-पारों पर होने वाली दुर्घटनाओं तथा गाड़ियों में आग लगने की कोटियों के अन्तर्गत 803 गाड़ी दुर्घटनाएं हुई। इनमें से 8 दुर्घटनाएं तोड़फोड़ की कार्यवाही के कारण हुई। क्षेत्रवार स्थिति इस प्रकार है:—

क्षेत्रीय रेलवे	गाड़ी दुर्घटनाओं की कुल संख्या	तोड़फोड़ के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की संख्या
मध्य	102	2
पूर्व .	47	—
उत्तर .	98	2
पूर्वोत्तर .	74	1
पूर्वोत्तर सीमा	71	—
दक्षिण	88	1
दक्षिण मध्य	68	—
दक्षिण पूर्व .	122	1
पश्चिम	133	1
जोड़	803	8

(ख) 36 व्यक्ति पकड़े गये। तोड़फोड़ के सभी मामलों में पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है।

(ग) दुर्घटनाओं के लिए दोषी पाये गये रेल कर्मचारियों को दिये गये दण्ड का ब्योरा इस प्रकार है :—

(i) बरखास्त किये गये/ नौकरी से हटाये गये

(ii) अस्थायी कर्मचारी जिन्हें नौकरी से निकाला गया	4
(iii) जिन कर्मचारियों को निचले ग्रेड में या उसी ग्रेड में परावर्तित किया गया अथवा जिनकी पदोन्नति रोकी गई .	17
(iv) भिन्न-भिन्न अवधियों के लिए वार्षिक वेतन-वृद्धियां रोकी गयीं .	154
(v) पास और पी० टी० ओ० बंद किये गये	11
(vi) निन्दा की गयी /चेतावनी दी गयी	27
जोड़	224

(घ) रेल कर्मचारियों की गलती गाड़ी दुर्घटनाओं का अकेला सबसे बड़ा कारण रहा है। अतः रेलों के संरक्षा संगठन गाड़ी-परिचालन से सम्बन्धित कर्मचारियों में अपेक्षाकृत अधिक संरक्षा की भावना जागृत करने तथा यह सुनिश्चित करने का अनवरत प्रयास कर रहे हैं कि कर्मचारी अपने काम में नियमों का उल्लंघन न करें। अथवा लघु तरीके न अपनायें। मियाभाय अधिकरण के पंचाट तथा 10 घंटा ड्यूटी नियम लागू करने के लिए गाड़ियों के चालन से संबंधित परिचालन कोटियों में 10,000 अतिरिक्त पद तथा रनिंग कर्मचारियों के 2700 अतिरिक्त पद स्वीकृत किये गये हैं।

मानवीय तत्व पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से उत्तरोत्तर विभिन्न परिष्कृत उपस्कर जैसे पहिया, धुरा और रेल पटरी के लिए अल्ट्रासानिक फ्ला डिटेक्टर, रेलपथ परिपथन, स्वचल चेतावनी प्रणाली आदि का उपयोग किया जा रहा है।

हाल में, यह निर्णय किया गया है कि 31-3-78 तक मुख्य मार्गों के 50 स्टेशनों तथा 1981 तक शेष 430 स्टेशनों की रन-थ्रू लाइनों के रेलपथ-परिपथन का काम पूरा कर लिया जाये। इसके अतिरिक्त 25 दोषपूर्ण स्टेशनों के फाउलिंग स्थल से अग्रिम स्टार्टर तक के रेलपथ का 31-3-78 तक तथा अन्य ऐसे 75 स्टेशनों का अगले डेढ़ वर्ष तक परिपथन कर दिया जायेगा।

अपराधियों का पता लगाने, उन्हें पकड़ने तथा उन पर मुकदमा चलाने के काम में सहायता देने और समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर बैठकें आयोजित करके राज्यों की पुलिस के साथ निकट सहयोग और समन्वय बनाये रखने के अलावा, रेलों ने रेलपथ पर गश्त लगाने के लिए, विशेषकर भेद्य क्षेत्रों में, इंजीनियरी विभाग के 14,000 गेंगमैन और रेलवे सुरक्षा दल के 11,000 कर्मचारी भी तैनात किये हैं ताकि तोड़फोड़ की कार्यवाही की रोक-थाम की जा सके।

Cases of Removal of Fish Plates

*8. SHRI G. Y. KRISHNAN:
SHRI C. K. JAFFER SHARIEF:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) what are the details regarding the cases of removing of fish plates detected recently by the Railway departments;

(b) the details zone-wise regarding the places; and

(c) whether some saboteurs have also been detected and arrested in this regard?

THE MINISTERS OF RAILWAYS (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) and (b). The details regarding the cases of removal of fish plates detected recently are given below Railway-wise: